सत्यमेव जयते

पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## सप्तदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

## वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{16 श्रावण, 1937 (श०)}}{\text{7 अगस्त, 2015 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 66

| | |
|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग .. .. | 28 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग .. .. | 26 |
| (3) पर्यटन विभाग .. .. | 04 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग .. .. | 06 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग .. .. | 02 |
| कुल योग--- | 66 |

## चालू कराना

*173. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत मननपुर सब-स्टेशन बनकर तैयार होने के बावजूद चालू नहीं किया गया है जिससे स्थानीय लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मननपुर विद्युत् सब-स्टेशन चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## जला ट्रांसफार्मर बदलना

*174. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड अन्तर्गत अमरपुरा पंचायत के वार्ड नं० 10, बंजरिया प्रा० वि० के पास सल्लेहपुर वार्ड नं० 1, डुमरिया पंचायत के कदहरियाँ, टंडसपुर, बुचियाँ पंचायत के जवाहीर माँझी के टोला वार्ड नं० 8, ग्राम विशुनपुर कोठी में, इनामी टोला, करसघाट पंचायत के बैधनाथ प्रसाद के घर के समीप, वार्ड नं० 9, ग्राम पकड़ी में वार्ड नं० 8, वार्ड नं० 6, सुपौली पंचायत के वार्ड नं० 8, 7, पंचायत लोहिजरा में ग्राम-हिम्मतपुर पश्चिम टोला में 16/25 के०वी०ए० के लगे ट्रांसफॉर्मर विगत एक वर्ष से जला हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है ?

---

## क्षतिपूर्ति का भुगतान करना

*175. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड के रामासाढ़, अहपुरा, मानिथ, बिहिऔंव, धरमपुर, फुलाड़ी कोइलवर प्रखंड के जलपुरा, भदवर, कुल्हड़िया, नरही, धनडीहा, फरहंपुर, खनगाँव, लोदीपुर, भगवतपुर तथा उदवंत नगर प्रखंड के मसाढ़, छोटी सासाराम, देवरिया, उदवंत नगर, कसाप, समेत कई गाँवों में फसल क्षतिपूर्ति आकलन में गड़बड़ी होने के कारण किसानों को क्षतिपूर्ति का लाभ नहीं मिला है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त [illegible] पुनः आकलन कराकर किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान कराने तथा दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करना चाहती है ?

---

## निर्माण कार्य को पूरा करना

*176. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम में ट्रामा सेंटर लेवल III की स्वीकृति 2011 में दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित ट्रामा सेंटर का निर्माण टी०सी०आई०एल० कंपनी द्वारा 2012 में प्रारंभ करने के बाद आजतक इसका कार्य पूर्ण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित ट्रामा सेंटर के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराना चाहती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*177. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अन्तर्गत खजुरिया पंचायत के हलुआर न० प्रा०वि० मनिया पर 16 के०वी०ए०, उपाध्याय टोला में 25 के०वी०ए०, ग्राम-लहलुआड़ (सिढ़ा पर) 16 के०वी०ए०, सदौवाँ पंचायत के ग्राम-कल्याणपुर मंडिया में 16 के०वी०ए० हसनपुर पंचायत में ग्राम-बलरा तिवारी टोला/भानुक टोला में 16 के०वी०ए०, बैकुंठपुर प्रखंड अन्तर्गत परसौनी पंचायत के परड़ौयाँ निजामत, कतालपुर पंचायत के दीक्षित पकड़ी (दक्षिण), चनौरा पंचायत के सम्भू राय के घर के पास, उसरी पंचायत के उसरी बाजार के पूर्व राजदेव पटेल के घर के पास, उसरी बाजार एवं अजबीनगर पंचायत के बिलरपुर में 16/25 के०वी०ए० के लगे ट्रांसफॉर्मर विगत एक वर्ष से जला हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है ?

---------

भवन का निर्माण

*178. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरौली, बरीसवन को जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन का निर्माण नहीं कराया जा रहा है जिससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*179. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सभी खराब पड़े 10, 16, 25, 40 के०भी०ए० के ट्रांसफॉर्मर को ई०एम०सी० कम्पनी को शीघ्र बदलने का निर्देश प्राप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मात्र 295 ट्रांसफॉर्मर ही बदले जा सके हैं तथा 300 से ज्यादा अभी जले या खराब पड़े हैं;

(3) यदि उक्त प्रखंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र शेष जले हुये ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जान्वित कराना

*180. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम-अब्दालपुर, भलुआ, गंगटा, खोजपुरा, गोड्डापर, बेल्दरिया, जलालपुर, सराय, बल्लोपुर, धन बिगहा, मोसमा, मीरचक, मीर बिगहा, राजीव नगर, बिशनपुर तथा पकरीबरावां प्रखण्ड के ग्राम-बिशनपुर, मठ महेशपुर, रजवरिया, सिलौर, पिण्डपडवा, अटारी, भलुआ तिरवा, सिन्धुआरा, अमरपुर, छोटकी मडहल, राजे बिगहा, हसनगंज एवं प्रखण्ड काशीचक के ग्राम उपरावां, हनुमान बिगहा, महेशपुर, अनयपर, सिताचक, काशीचक, भट्टा, सुभानपुर, बेलड, सुम्भाडीह, बिरनामा, बजरंग बिगहा, महादेव बिगहा, कस्तुरी बिगहा, डेढ़गाँव, नेमचक, खखरी, लिला बिगहा, दुर्गापुर इत्यादि ग्रामों में बिजली नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना फेज-2 में उक्त ग्रामों को ऊर्जान्वित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खाड़ों को भरवाना

*181. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां विधान-सभा क्षेत्र के अस्थावां, बिन्द, कतरीसराय के गाँवों में विगत 2014-15 में बाढ़ आने के कारण सैंकड़ों तटबंधों, पथों, जमींदारी बाँधों में खाड़ हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त सभी खाड़ों को नहीं भरा गया है जिसके कारण भीषण बाढ़ की आशंका बनी हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ससमय तीव्र गति से किसान हित में इन खाड़ों को भरवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकृत करना

*182. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के बाँका प्रखण्ड का समुखिया पंचायत का बाड़ीतरी, गुणाकोल, तेतरियावरण, कारीपाथर एवं रंगनिया ग्राम बिजली की सुविधा से वंचित है, यदि हाँ, तो इसे विद्युतीकृत करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

मुआवजा नहीं देने का औचित्य

*183. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहरीला सर्पदंश से मरने वालों को आपदा की श्रेणी में नहीं रखने के कारण मुआवजा नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

जर्जर पोल बदलना

*184. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत लखीसराय प्रखण्ड के औरेया, डोकमैला सहित दर्जनों गाँवों में विद्युत् पोल की स्थिति काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन जर्जर पोलों के कारण लोग बांस के सहारे बिजली का उपयोग करते हैं और आये दिन दर्दनाक घटनायें होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उपरोक्त गाँवों के जर्जर पोलों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*185. श्रीमती उषा विद्यार्थी—दिनांक 27 जून, 2015 को स्थानीय समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''डॉक्टर-नर्सों के जी0पी0एफ0 से दो करोड़ की निकासी'' समाचार को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विगत दो वित्तीय वर्षों में पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पालीगंज के डॉक्टरों एवं नर्सों के जी0पी0एफ0 खाते से लगभग 2 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही प्रभावित कर्मियों के जी0पी0एफ0 खाते से गबन की गई राशि की वापसी कर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*186. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के करायपरशुराय प्रखण्ड अन्तर्गत पकरी ग्राम में तार-पोल लग जाने के बाद भी सम्बंधित ग्रामीणों को विद्युत् कनेक्शन नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस दिशा में कार्रवाई का विचार रखती है ?

रिक्त पदों को भरना

*187. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 24 जून, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''सेवा समाप्त, कमाई का जरिया मरीज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले में चिकित्सक के कुल 180 पद सृजित हैं जिनमें आजतक 121 चिकित्सक के रिक्त पद पड़े हुये हैं जिससे वहाँ के मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-----------

सुनिश्चित करना

*188. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री ऊर्जा, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला बौंसी प्रखण्ड के सांगा पंचायत के ग्राम-घुटिया विसनपुर, सितलाईगाल, सांगा, राजदह, अलजोड़, आदि ग्रामों में बिजली, पोल एवं तार लगाने के बावजूद अबतक बिजली की आपूर्ति नहीं की गयी है तथा पूरा क्षेत्र अंधकार में डूबा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इन क्षेत्रों में कबतक बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*189. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने वर्ष 2014 में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से चलने वाले योजनाओं में 15 लाख तक की योजनायें विभागीय स्तर पर कराने का फैसला लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन झंझारपुर 2 के कार्यपालक अभियंता के प्रश्नकर्ता सदस्य के द्वारा अनुशंसित कुल 28 योजनाओं को सरकार के उक्त आदेश की अवहेला कर मनमाने ढंग से अपनी चहेतों के बीच कार्य आवंटित कर बड़े पैमाने पर लूट-खसोट का काम किया है, जिससे योजनाओं में गुणवत्ता प्रभावित हो गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वरीय पदाधिकारी से इसकी जाँच कराकर दोषी कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## अस्पताल शुरू करना

*190. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषि प्रखण्ड के अन्दर भलाही गाँव के पाँच किलो मीटर की चौहद्दी में कोई अस्पताल नहीं रहने के कारण आम लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो उक्त ग्राम में अस्पताल शुरू करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

## सुविधा की व्यवस्था

*191. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के रामेश्वर धाम, श्रृंगारपुर, गौरी शंकर कटेहर, श्रृंगीऋषी धाम, माँ जलप्पा स्थान रामसीर में हजारों लोग प्रतिदिन पूजा व दर्शन करने आते हैं, किन्तु पर्यटकों को ठहरने हेतु शेड, शौचालय, पीने का पानी, रोशनी, आदि की व्यवस्था नहीं रहने से कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो वर्णित सुविधाओं की व्यवस्था हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

## सूची में शामिल करना

*192. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारून प्रखण्ड में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के दूसरे फेज का कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में 100 से अधिक आबादी वाला गाँव या बसावट को शामिल करना है, जहाँ बिजली नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा बनाई गई सूची में कई टोला या बसावट का नाम सम्मिलित नहीं है जैसे बारून प्रखण्ड के रनधुआ टोला अम्बेदकर नगर, रसलपुर टोला भुईया बिगहा, धनौती टोला जगतपतिनगर, धनौती टोला आजाद बिगहा, धनौती टोला सुखराम बिगहा, ईंगलिश टोला 5 नं०, हरनाही टोला महादलित बिगहा;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी छूटे हुये गाँव के टोलों या बसावट को सूची में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

## सौन्दर्यीकरण करना

*193. <u>श्री अवधेश सिंह</u>--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर परिषद् में ताज-बाज पोखरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखर के सौन्दर्यीकरण हेतु वर्ष 2013 में राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन पोखरा का अतिक्रमण होने के कारण कार्य आरंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोखरा को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये सौन्दर्यीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## मुआवजा देना

*194. <u>श्री पवन कुमार जायसवाल</u>--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के नगर पंचायत ढाका अन्तर्गत बिसरहिया वार्ड नं० 3 निवासी सकीना खातून एवं घोड़ासहन प्रखण्ड अन्तर्गत कदमवा पंचायत के महादेव टोला निवासी ब्रह्मदेव ठाकुर की मृत्यु विगत 25 अप्रील, 2015 को आये भूकम्प के दौरान हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना के पत्रांक 129, दिनांक 5 मई, 2015 द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी/थानाध्यक्ष, घोड़ासहन से माँगे जाँच प्रतिवेदन के आलोक में जाँचोपरान्त प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष घोड़ासहन के संयुक्त प्रतिवेदन पत्रांक 510, दिनांक 9 मई, 2015 के अनुसार स्व० ब्रह्मदेव ठाकुर की मृत्यु भूकम्प से होने की पुष्टि की गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहना अनुमंडल के उपरोक्त दोनों मृतकों के परिवार को मुआवजा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*195. <u>श्री (डॉ०) अच्युतानन्द</u>--दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 3 जुलाई, 2015 के अंक में छपी खबर "कालाजार की मक्खी पर डी०डी०टी० का छिड़काव बेअसर" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में राज्य के कालाजार प्रभावित 8 जिलों में डी०डी०टी० का छिड़काव नहीं होने के कारण 2015 में तीन हजार व्यक्ति कालाजार से पीड़ित हुये हैं, यदि हाँ, तो छिड़काव एवं निगरानी हेतु जिम्मेवार कर्मियों पर कार्रवाई करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

विद्युत् समस्या दूर करना

*196. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कं०लि०, पटना के कार्यालय कक्ष में ऊर्जा विभाग के सचिव एवं प्रश्नकर्ता सदस्य के द्वारा दिनांक 14 जुलाई, 2014 को बैठक किया गया जिसमें भागलपुर जिला के कहलगाँव, सन्हौला एवं गोराडीह प्रखण्डों के 51 जले ट्रांसफॉर्मरों के बदलने एवं अन्य विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में मात्र 19 जले हुये ट्रांसफॉर्मर ही बदले गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे हुये ट्रांसफॉर्मरों एवं अन्य विद्युत समस्याओं को दूर करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*197. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के जलालगढ़ किला का सौन्दर्यीकरण हेतु वर्ष 2013 से जिला में राशि आवंटित है, यदि हाँ, तो अभीतक उक्त किला का सौन्दर्यीकरण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

भवन निर्माण करना

*198. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखंड के सकड्डी ग्राम में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण लोगों को समुचित चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

औचित्य बतलाना

*199. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार प्रखण्ड के हफलागंज गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है, किन्तु उसका भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

तार बदलना

*200. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम विधान-सभा के अन्तर्गत तिलौथू प्रखंड के ग्राम-चन्दनपुरा, महाराजगंज, बाबुगंज, खोखुला (सेवही पाल) इत्यादि गाँवों के 11 के०भी०ए० एवं एल०टी० तार अतिजर्जर हो गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*201. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नीमचक बथानी में महिला चिकित्सक, सर्जन, एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अभाव को दूर करने का विचार रखती है ?

---------

मुआवजा देना

*202. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के ठकरदाहा ग्राम में कुमर लाल देव, पिता-अजित लाल देव, उम्र 35 वर्ष एवं उनकी पुत्री पिंकी कुमारी, पिता-कुमर लाल देव, उम्र 5 वर्ष की मृत्यु ठण्ड से दिनांक 28 दिसम्बर, 2014 को हो गयी है, किन्तु अभीतक मृतक के परिवार को मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के परिवार को कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*203. श्री अरुण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 जून, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''नहीं है कुत्ता व सांप काटने की दवा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुत्ता एवं सांप काटने के बाद ली जानेवाली दवाइयाँ उपलब्ध नहीं रहने से मरीजों को बाहर रेफर कर दिया जाता है जबकि प्रतिदिन औसतन पचास से अधिक मरीज इन अस्पतालों में आने का क्रम जारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, मधुबनी के आदेश के बावजूद रोगी कल्याण समिति अपने स्तर से इन दवाओं की खरीदारी भी नहीं कर रही है, जिसके कारण अक्सर मरीज के परिजनों द्वारा अस्पताल में हंगामा खड़ा किया जाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दवाई उपलब्ध नहीं कराने वाले जवाबदेह अधिकारियों पर कार्रवाई एवं दवाई की शीघ्र उपलब्धता हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

औचित्य बतलाना

*204. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 4 जुलाई, 2015 के अंक में छपी खबर "सीमा क्षेत्र के विकास पर नहीं हो रहा खर्च" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सटे सात जिलों में विकास के लिये केन्द्रीय सहायता से बार्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त कार्यक्रम के लिये वर्ष 2014-15 में 60.84 करोड़ रुपये मिले थे जिसमें से मात्र 75 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सका है जिससे विकास कार्य में बाधा आने के साथ ही केन्द्रीय सहायता राशि में भी कटौती होती है, यदि हाँ, तो उपरोक्त योजना की पूरी राशि खर्च नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन निर्माण करना

*205. श्री नीतीश मिश्रा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के लखनौर प्रखंड अन्तर्गत लखनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन का निर्माण हेतु निविदा का प्रकाशन विगत 6 माह पूर्व होने के उपरान्त ही वर्तमान समय तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो जनहित में सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*206. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड में वर्ष 2014 में सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया था, किन्तु आजतक कॉलेज खोलने का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

## कार्रवाई करना

*207. डॉ० (प्रो०) जावेद— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में किशनगंज नगरपालिका अन्तर्गत गोदरेज कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें पोल गड़ाई का कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उचित कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*208. श्री (प्रो०) चन्द्रशेखर—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यटन विभाग द्वारा सहरसा जिला के मुख्यालय में अवस्थित मत्स्य गंधा के विकास हेतु रैयती जमीन वर्ष 2003 में ही अर्जित किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मुआवजे की प्रथम किस्त की राशि का उपयोग नहीं करने के कारण विभाग से दूसरी किस्त की राशि विमुक्त नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित किसानों एवं भू स्वामियों को मुआवजे की राशि दिलवाकर विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## व्यवस्था सुदृढ़ करना

*209. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सदर अस्पताल जनसंख्या के अनुपात में छोटा है एवं अस्पताल प्रांगण मुख्य सड़क से नीचा रहने के कारण अस्पताल के प्रांगण में जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो उक्त अस्पताल के नया भवन, उन्नत आधारभूत संरचना एवं जल जमाव दूर करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

## कार्य पूर्ण कराना

*210. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी अनुमण्डल के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत एक प्रस्तावित विद्युत् ग्रिड की स्थापना का कार्य अधर में लटका हुआ है जिसके संबंध में प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 85/15, दिनांक 2 जुलाई, 2015 के माध्यम से माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग को सूचना देते हुये शिकायत दर्ज कराया है, यदि हाँ, तो उक्त कार्य पूर्ण करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

विद्युत् आपूर्ति बहाल करना

*211. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बाँका प्रखण्ड के पुरानी लहैता, ककवारा कटेली मोड़, जोगीडीह, कुर्नौनी, ककना एवं डोमाखांड ग्राम आज भी बिजली की सुविधा से वंचित है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में कबतक विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार एवं पोल बदलना

*212. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड के ओमाव, जमुआ, बुढ़वल, पड़रिया जीवनपुर, चौगाई, बेलवार तथा बिक्रमगंज प्रखण्ड के दुर्गाडीह, अमाथु, धावां, मटिया, शिवपुर, बालगितिया, खैरामुफर ग्रामों में जर्जर तार और पोल के सहारे विद्युत् आपूर्ति पिछले दो वर्षों से की जा रही है; यदि हाँ, तो क्या सरकार इन ग्रामों में जर्जर तार और पोल बदलने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*213. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारुन प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम-सोहदा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु ग्रामीणों के द्वारा राज्यपाल के नाम से 15 डिसमिल जमीन लिख दिया गया है, जिसका अंचल से अनापत्ति प्राप्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*214. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड का भैसही, चलुहीं, मुगरहां, बिसुनपुरा, निमुइयां, महलादपुर, बथुआ, धर्मपरसा सहित दर्जनों ग्राम बिजली से वंचित हैं;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिजली से वंचित इन सभी ग्रामों को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## बिजली पहुँचाना

*215. <u>श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम भुई बिगहा में आजादी के 67 साल बाद भी अभीतक बिजली नहीं है, जिससे किसानों एवं छात्र छात्राओं को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## उत्क्रमित करना

*216. <u>श्री अशोक कुमार सिंह</u> : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पोसार में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र मरीजों की संख्या के अनुरूप काफी छोटा है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल पर स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*217. <u>श्री प्रमोद कुमार</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से कुल 93 ट्रांसफॉर्मर 63 एवं 100 के०भी०ए० को लगाने हेतु 1 करोड़ 80 लाख की राशि दिया गया जिसमें से आजतक लगभग 30 स्थानों जैसे बरियारपुर, रूलाही, पंडितपुर गुरही टोली, पटेल टोला पंडितपुर, संमरा, कोलवतीया, बिशुनपुर, कसबा, पीपराकोठी, सुगौर बसुतपुर बिनु टोली, रमना आदि स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर नहीं लगे है । यदि हाँ, तो सरकार मोतिहारी विधान सभा के सभी ट्रांसफॉर्मर लगवाते हुये ऊर्जान्वित कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

---

## नियुक्त करना

*218. <u>श्री अब्दुल गफूर</u> : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के प्राथमिक हॉस्पीटल महिषी में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण सर्व-साधारण को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक अस्पताल में महिला डाक्टर कबतक नियुक्त करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली मुहैया कराना

*219. <u>श्री रत्नेश सादा</u>–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत पतरघट अन्तर्गत पामा, धुनसाहा, पामकला, धोबौली, पहाड़पुर एवं सोनवर्षा प्रखण्ड के पहुंचे पंचायत अन्तर्गत वार्ड मुसहरी संस्थाली, मोतिहारी, नागरही एवं वार्ड मुसहरी बस्ती में वर्ष 2008 से ही विद्युतीकरण की योजना स्वीकृत है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त जगहों पर बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अति०स्वा० केन्द्र खोलना

*220. <u>श्री रमेश ऋषिदेव</u>–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड के पंचायत रौता के ग्राम के गोपालपुर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो इस हेतु सरकार की क्या योजना है ?

स्थापित करना

*221. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत चौकिया पहाड़पुर ग्राम पंचायत का गदाय दियारा गंगा नदी के पार प्रखण्ड मुख्यालय से करीब 15 किलो मीटर दूर है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ जाने के लिये नाव के अलावा कोई अन्य साधन नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि वहाँ उप स्वास्थ्य केन्द्र या अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहाँ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार लगाना

*222. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत के जियनगंज गाँव में श्रीनगर फिडर से 11 के०भी०ए० का बिजली का तार गुजरता है;

(2) क्या यह बात सही है कि घनी आबादी वाली जियनगंज गाँव के ऊपर से गुजरने वाली तार विगत 5 वर्षों से बार-बार टूटकर गिरने से फूस से बने घरों में आग लग जाती है और जान माल का भी नुकसान होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 11 के०भी०ए० के तार को घनी आबादी वाले उक्त गाँव के बाहर ले जाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य पूरा नहीं करने का औचित्य

*223. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से 375 करोड़ की लागत से नालन्दा, बक्सर, आरा, समस्तीपुर, बेगूसराय, मोतिहारी, बेतिया के शहरों के जर्जर विद्युत् को दुरूस्त एवं नये बस्तियों में विस्तार करने की योजना वर्ष 2012 में प्रारंभ किया गया जिसे 31 दिसम्बर, 2014 तक पूरा करना था, यदि हाँ, तो अबतक कार्य पूरा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

निर्माण कराना

*224. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय में पावर ग्रिड निर्माण का निविदा वर्ष 2014-15 में हुआ किन्तु अभीतक पावर ग्रिड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पावर ग्रिड का निर्माण कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

----------

नियुक्ति करना

*225. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जुलाई, 2015 को प्रकाशित शीर्षक "स्वास्थ्य सेवा बदहाल मरीज बेहाल" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के 32 लाख की आबादी में 25 हजार आबादी पर मात्र एक चिकित्सक प्रतिनियुक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों के अभाव में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा गाँव स्तर तक नहीं मिल पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा मुहैया कराने हेतु पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जीर्णोद्धार करना

*226. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के परतापुर स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर है एवं कमरों की कमी है, जिससे मरीजों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जल-जमाव की निकासी

*227. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम के सदर अस्पताल में भारी वर्षा होने के कारण पूरा अस्पताल क्षेत्र जल-जमाव में तब्दील हो जाता है, जिससे मरीजों को अस्पताल जाने में काफी परेशानी होती है;

(2) यदि खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सदर अस्पताल में जल-जमाव की निकासी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रतिनियुक्त करना

*228. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चोरदह का निर्माण कार्य 2009 में ही पूर्ण हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सक तथा नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक सहित नर्स, स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है ?

महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*229. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखण्ड के प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का एक पद है, किन्तु महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से महिला रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्युतीकरण करना

*230. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्ड के ग्राम-धुरे परसा, शाहपुर, पुरैनी पूर्वी एवं पश्चिमी, नूनचट्टा, इमामगंज, भलुआही, अम्बा बिगहा, रजवाड़ा, कोयरियाचक-पसिया आदि गाँवों में आजतक राजीव गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकृत नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-----------

विद्युतीकरण कराना

*231. श्री (प्रो0) चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत गढ़िया (मेलवा), सोहपुर रसुआ के वार्ड नं0 1 एवं 2, दुल्लहराम टोला (साहुगढ़), घैलाढ़ प्रखण्ड के रतनपुरा, महादेव टोला, हरिराहा, बसुदेवा, परसाही, रामनगर, बेलोखड़ी, हरिजन टोला, बियाही पोखर, पश्चिमी लक्ष्मीनियाँ वार्ड नं0 2, जयपुरा वार्ड नं0 1, महुआ टोला वार्ड नं0 4, रामटोला वार्ड नं0 8, मोरकाही वार्ड नं0 12, बलुहा, मोहनपुर, इटहरी गाँव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस दिशा में कार्रवाई का विचार रखती है ?

-----------

जीर्णोद्धार करना

*232. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के ग्राम मुल्ली स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय का भवन जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त औषधालय भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*233. श्रीमती रश्मि वर्मा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा अबतक नहीं दिया गया है, जबकि उक्त अस्पताल के भवन का निर्माण 4 वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी अनुमंडलीय स्तर की सुविधा यथा डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति, 100 बेड का अस्पताल जैसी आधारभूत सुविधा नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को अनुमंडलीय स्तर का आधारभूत सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*234. डॉ० इजहार अहमद—स्थानीय दैनिक समाचार में दिनांक 25 जून, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''बांस-बल्ले से विद्युत की आपूर्ति'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा मुख्यालय के दो दर्जन से अधिक नवनिर्मित कॉलोनियों में तथा रामबाग, चुनाभट्टी नवटोलिया, साधुगाछी, दिल्ली मोड़, सैदनगर, रायपुरा, इंदिरा कॉलोनी आदि ऐसे कई मुहल्ले हैं जहाँ बांस-बल्ले के सहारे विगत चार वर्षों से लोग बिजली का उपयोग कर रहे हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इस संबंध में कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली पहुँचाना

*235. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखण्ड के भरहन, रहिका, बैना, काठघर, दुर्गाडोली गाँव में अभीतक बिजली नहीं है जिसके कारण एक लाख बीस हजार ग्रामीण अंधेरे में रहते हैं;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँवों में बिजली लगाने का कार्य कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*236. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल क्षेत्राधीन राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युत योजना के तहत बजाज कम्पनी द्वारा गाँव में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युतीकरण कार्य शुरू किये पंचायत में पूर्ण नहीं कर अधूरा कार्य छोड़कर दूसरे पंचायत में कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है जिससे किसी भी पंचायत में आजतक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं होने से जनता में आक्रोश व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित अनुमंडल में विद्युतीकरण विधिवत रूप से पूर्ण कराने के बाद दूसरे पंचायत में कार्य प्रारंभ करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*237. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत दिनांक 21 मई, 2015 को चक्रवाती तूफान आया था जिसमें पतरघट प्रखंड के पामा, पसपार, जेम्हरा, धबौली, पश्चिमी दक्षिणी पूर्वी किशनपुर, बिसनपुर में काफी तबाही हुयी थी;

(2) क्या यह बात ही है कि धबौली पश्चिमी दक्षिणी पूर्वी के कुछ प्रभावित परिवारों को मुआवजा मिला था और अधिकांश को छोड़ दिया गया है, जिसके कारण प्रभावित परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने को मजबूर हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शेष प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्त करना

*238. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखंड, सिंहेश्वर प्रखंड एवं शंकरपुर प्रखंड अवस्थित अति०प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में कबतक महिला चिकित्सक को प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 7 अगस्त, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 86--डी०टी०पी०--450